भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4636

20 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुर्ज्ञान योजना के अंतर्गत प्राथमिक अनुसंधान केन्द्रों की पहचान करना

4636. श्री योगेन्द्र चांदोलियाः
श्री मनोज तिवारीः
डॉ. हेमंत विष्णु सवराः
श्री कोटा श्रीनिवास पूजारीः
डॉ. भोला सिंहः
कैप्टन बृजेश चौटाः
श्री अनूप संजय धोत्रेः
श्रीमती हिमाद्री सिंहः
श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः
श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाहः
श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ः
श्री माधवनेनी रघुनंदन रावः
श्रीमती स्मिता उदय वाघः
श्री महेश कश्यपः
श्री मितेश पटेल बकाभाईः
डॉ. संजय जायसवालः
श्री नलिन सोरेनः:
श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेलः
श्री जुगल किशोरः
श्री नव चरण माझीः
श्री खगेन मुर्मुः

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में आयुर्ज्ञान योजना के अंतर्गत प्राथमिक अनुसंधान केन्द्रों की पहचान के लिए अपनाए गए मानदंडों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र वार, विशेषकर महाराष्ट्र के जलगांव जिले और दाहोद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान फरवरी, 2026 तक देश में इस योजना के अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और महाराष्ट्र में जिला-वार कुल कितनी परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं और कितनी धनराशि जारी की गई है;

(ग) आयुष पद्धतियों की वैश्विक विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक प्रमाणीकरण, नैदानिक परीक्षण और समकक्ष-समीक्षित पत्रिकाओं में अनुसंधान निष्कर्षों का प्रकाशन सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या देश के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), राष्ट्रीय भैषज शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर) जैसे प्रमुख संस्थानों और राज्य विश्वविद्यालयों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान के परिणामस्वरूप दाहोद क्षेत्र के लिए मानकीकृत उपचार प्रोटोकॉल तैयार किए गए हैं जिसके परिणामस्वरूप समग्र और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल के लक्ष्य को सुदृढ़ किया गया है; और

(ङ) उपरोक्त योजना के अंतर्गत सहायताप्राप्त करने वाली सरकारी और निजी संस्थाओं का ब्यौरा क्या है और देश में शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र और आस-पास के जनजाति बहुल क्षेत्रों में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेषरूप से मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के पालघर और जलगांव जिले में सहायताप्राप्त किसी संस्था या परियोजनाओं पर क्या विशिष्ट रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): आयुर्ज्ञान योजना के अंतर्गत, देश भर के पात्र संस्थानों/संगठनों (महाराष्ट्र राज्य में स्थित संस्थानों सहित) से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। इसके अलावा, आयुर्ज्ञान योजना के आयुष में अनुसंधान एवं नवाचार (आर एंड आई) और आयुर्वेद जीवविज्ञान एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान (एबीआईएचआर) घटकों के तहत, आयुष पद्धतियों की मूलभूत अवधारणाओं और बुनियादी सिद्धांतों पर अनुसंधान, आयुष औषधियों और फॉर्मूलेशन का मानकीकरण, नई औषधियों और चिकित्सीय उपचारों का विकास और सत्यापन के आधार पर प्राथमिकता वाले अनुसंधान क्षेत्रों की पहचान की जाती है। इसके अतिरिक्त, प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में नैदानिक अनुसंधान, औषधीय अनुसंधान, औषधीय पादप अनुसंधान, साहित्यिक अनुसंधान और मौलिक अनुसंधान, जैव प्रौद्योगिकी, जैव भौतिकी, आणविक जीव विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी सहित आधुनिक वैज्ञानिक विषयों के साथ आयुष ज्ञान का एकीकरण भी शामिल है।

(ख) एवं (ङ): योजना के अंतर्गत, योजना के दिशा-निर्देशों में निहित प्रावधानों के अनुसार, देश भर में पात्र संस्थानों/संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, और यह योजना किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र या क्षेत्र के लिए विशिष्ट नहीं है। पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष [अर्थात वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 और वित्तीय वर्ष 2025-26 (फरवरी 2026 तक)] के दौरान, 267 परियोजनाओं/कार्यक्रमों (अर्थात क्षमता निर्माण और सतत चिकित्सा शिक्षा के अंतर्गत 230 कार्यक्रम, आयुष में आर एंड आई घटक के अंतर्गत 26 परियोजनाएं और आयुर्ज्ञान योजना के एबीआईएचआर घटकों के अंतर्गत 11 परियोजनाएं) को मंजूरी दी गई है। आर एंड आई और एबीआईएचआर घटक के तहत, परियोजनाओं को दो (02) से तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए अनुमोदित किया जाता है और निधियों को किश्तों में जारी किया जाता है। संगठनों/संस्थानों को जारी की गई निधियों का वर्षवार [(वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक, (28.02.2026 तक)] विवरण (वित्त वर्ष 2022-23 से पहले अनुमोदित की गई चल रही परियोजनाओं के लिए किए गए संवितरण सहित) **संलग्नक** में दिया गया है।

(ग): आयुष में अनुसंधान और नवाचार तथा आयुर्वेद जीवविज्ञान एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान (एबीआईएचआर) घटकों के अंतर्गत, बहुस्तरीय मूल्यांकन एवं निगरानी प्रक्रिया के माध्यम से अनुसंधान का वैज्ञानिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाता है। शोध प्रस्तावों की पहले संबंधित अनुसंधान परिषदों द्वारा गहन जांच की जाती है और उसके बाद परियोजना मूल्यांकन समिति (पीएसी)/परियोजना विकास और निगरानी समिति (पीडीएमसी)/परियोजना जांच और निगरानी समिति (पीएसएमसी) द्वारा उनकी जांच की जाती है और परियोजना स्वीकृति समिति (पीएससी) द्वारा उन्हें अनुमोदित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, अनुसंधान परियोजनाएं नैतिक अनुमोदन प्राप्त होने के बाद ही शुरू की जाती हैं। आर एंड आई घटक के

अंतर्गत पीएसी द्वारा और एबीआईएचआर घटक के अंतर्गत पीडीएमसी/पीएसएमसी तथा तदर्थ समिति के विशेषज्ञों द्वारा परियोजना की निगरानी उचित वार्षिक मूल्यांकन के माध्यम से की जाती है। इसके अलावा, स्वीकृत कुल बजट का रोक कर रखा गया 10% हिस्सा, शोध परिणाम समकक्ष-समीक्षित जर्नलों में प्रकाशित होने के बाद ही जारी किया जाता है।

(घ):आयुर्ज्ञान योजना के अंतर्गत, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और राज्य विश्वविद्यालयों जैसे प्रमुख संस्थानों के साथ-साथ अन्य संस्थानों/संगठनों को आयुष उपचारों के सत्यापन और साक्ष्य-आधारित उपचार प्रोटोकॉल के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। हालांकि, क्षेत्र विशेष या राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विशेष मानकीकृत उपचार प्रोटोकॉल का विकास करना इस योजना के उद्देश्य का एक हिस्सा नहीं है।

*****

संलग्नक

आयुर्ज्ञान योजना के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान संस्थानों/संगठनों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण निम्नलिखित है:

(क) आयुष में क्षमता निर्माण और सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई):

वर्ष 2022-23 के दौरान विभिन्न संस्थानों को जारी की गई निधियों का विवरण				
क्रम सं.	**अनुदान प्राप्तकर्ता संस्थानों/संगठनों का नाम और पता**	**राज्य**	**प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम**	**जारी निधि (लाख रू. में)**
	जे.एस. आयुर्वेद महाविद्यालय, नाडियाड	गुजरात	शिक्षकों के लिए सीएमई: रचना शारिर	9.00
	आयुर्वेद शिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए), जामनगर	गुजरात	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. प्रसुति तंत्र और स्त्री रोग 2. आरएस और बीके 3. पंचकर्म 4. कायचिकित्सा 5. मौलिक सिद्धांत 6. कुमारप्रित्या 7. स्वस्थवृत्त 8. शल्य	72.00
	श्री कृष्ण राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र	हरियाणा	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. रोग निदान और विकृति विज्ञान	9.00
	सोलन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, सोलन	हिमाचल प्रदेश	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. मटेरिया मेडिका (मॉड्यूल-IV)	9.00
	राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहंस) बैंगलोर	कर्नाटक	"चेतना की खोज" पर 80 आयुष कर्मियों के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन (2-दिवसीय)	9.00
	एसडीएम इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एंड हॉस्पिटल आंचेपाल्या, बैंगलोर	कर्नाटक	कौमारभृत्य के 30 शिक्षकों के लिए “किशोरावस्था देखभाल और परामर्श” विषय पर (दो दिवसीय) कार्यशाला	3.86
	अल्वा होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, मूडबिद्री	कर्नाटक	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. फार्मेसी 1.2. सामुदायिक चिकित्सा	18.00
	अल्वा कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज, मूडबिरी	कर्नाटक	प्राकृतिक चिकित्सा और योग के शिक्षकों के लिए सीएमई	9.00
	शांतिगिरी सिद्ध मेडिकल कॉलेज, तिरुवनंतपुरम	केरल	नेत्र रोगों पर शिक्षकों के लिए सीएमई	9.00
	सरकारी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल, ग्वारिघाट, जबलपुर	मध्य प्रदेश	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. स्वस्थवृत्त	9.00
	एच.एस.जेड.एच. सरकारी स्वायत्त यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, भोपाल	मध्य प्रदेश	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. इलाज-बिट-तदबीर 2. तहफ़्फ़ुज़ी-वा-समाजी तिब; 3. डॉक्टरों के लिए सामान्य शिक्षा कार्यक्रम 4. जीवनशैली संबंधी विकारों पर 50 निजी चिकित्सकों के लिए कार्यक्रम	28.50
	आयुर्विद्या प्रसारक मंडल (एपीएम) आयुर्वेद महाविद्यालय, मुंबई	महाराष्ट्र	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. संहिता और सिद्धांत	9.00

	श्री आयुर्वेद महाविद्यालय, नागपुर	महाराष्ट्र	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. कायाचिकित्सा और 2. अगद तंत्र	18.00
	अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण चेतना समाज, पालघर	महाराष्ट्र	1. डॉक्टरों के लिए सीएमई कार्यक्रम। 2. पैरामेडिक्स के लिए सीएमई कार्यक्रम	15.00
	इंटरेक्टिव रिसर्च स्कूल फॉर हेल्थ अफेयर्स (आईआरएसए), भारती विद्यापीठ डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, पुणे	महाराष्ट्र	50 प्रतिभागियों के लिए 2 दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन/कार्यशाला	9.00
	माननीय श्री अन्नासाहेब डांगे आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान केंद्र, आस्था	महाराष्ट्र	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. शल्य तंत्र	9.00
	आर.ए पोद्दार आयुर्वेद महाविद्यालय वर्ली	महाराष्ट्र	शिक्षकों के लिए सीएमई: शल्य तंत्र	9.00
	आयुर्वेद सेवा संघ संचलित आयुर्वेद महाविद्यालय, नासिक	महाराष्ट्र	आयुष डॉक्टरों के लिए सीएमई कार्यक्रम	9.00
	सेठ चंदनमल मुथा आर्यगला वाद्यक महाविद्यालय, सतारा	महाराष्ट्र	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. फार्माकोग्नोसी	9.00
	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीसीआरएएस की एक इकाई), पुणे	महाराष्ट्र	1. आयुष चिकित्सकों/वैज्ञानिकों के लिए आयुर्वेद औषधि विकास में वर्तमान रुझानों पर (6 दिवसीय) प्रशिक्षण कार्यक्रम।	9.00
	केन्द्रीय आयुर्वेद व्यासपीठ, नासिक	महाराष्ट्र	50 निजी चिकित्सकों के लिए 2 दिवसीय विषय विशेषज्ञता सीएमई कार्यक्रम	1.50
	डॉ. डी.वाई.पाटिल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एंड रिसर्च सेंटर, पिंपरी	महाराष्ट्र	शिक्षकों के लिए सीएमई शालाक्य तंत्र	9.00
	मोहम्मदिया तिब्बिया कॉलेज और असयेर अस्पताल, नासिक	महाराष्ट्र	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. ऐन-उज़्न-अनफ़-हलक-वा-आसन	9.00
	डॉ. एम.एल. धवले मेमोरियल होम्योपैथिक संस्थान, पालघर	महाराष्ट्र	प्रशिक्षण कार्यक्रम 1. सीएमई के योग्य संसाधन व्यक्तियों के लिए आयुष में प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) 2. शिक्षकों के लिए मटेरिया मेडिसिया पर सीएमई कार्यक्रम।	18.00
	उत्तर पूर्वी आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान, शिलांग (मेघालय)	मेघालय	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. स्त्री रोग 2. पंचकर्म	18.00
	ए एंड यू तिब्बिया कॉलेज, करोल बाग, नई दिल्ली	दिल्ली	(6-दिवसीय) आगंद तंत्र पर शिक्षकों के लिए सीएमई	9.00
	अखिल भारतीय आयुर्वेदिक कांग्रेस (एआईएसी), पंजाबी बाग	दिल्ली	निजी चिकित्सकों के लिए छह (06) - 02 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम	9.00
	केएटीएस आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल, गंजाम	ओडिशा	चिकित्सा अधिकारी के लिए सीएमई	7.75
	एसएसएन आयुर्वेद कॉलेज और अनुसंधान संस्थान बरगढ़,	ओडिशा	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. द्रव्यगुण 2.संहिता सिद्धांत.	18.00
	राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर	राजस्थान	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. रचना शरीर 2.संहिता सिद्धांत	27.00

			3. किरया शारीर	
	डॉ. मदन प्रताप खूंटेला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, जयपुर (राजस्थान)	राजस्थान	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. मटेरिया मेडिका (मॉड्यूल-3) 2. वैज्ञानिक लेखन पर राष्ट्रीय कार्यशाला 3. अनुसंधान पद्धति एवं जैवसांख्यिकी	27.00
	संजीव बायोमेडिकल रिसर्च सेंटर, चेन्नई	तमिलनाडु	1. "संक्रामक रोगों के लिए सिद्ध चिकित्सा से प्रतिरक्षामापी पदार्थों की खोज" विषय पर (6-दिवसीय) सीएमई कार्यक्रम।	9.00
	सिद्धा केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, चेन्नई	तमिलनाडु	आयुष चिकित्सकों के लिए एएसयू में औषधि मानकीकरण में प्रयुक्त विश्लेषणात्मक तकनीकों पर (6-दिवसीय) सीएमई कार्यक्रम	9.00
	श्री साई राम होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज और अनुसंधान केंद्र	तमिलनाडु	शिक्षकों के लिए शरीर क्रिया विज्ञान पर सीएमई	9.00
	कैप्टन श्रीनिवासा मूर्ति, केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, चेन्नई	तमिलनाडु	आयुष चिकित्सकों/वैज्ञानिकों के लिए आयुर्वेद औषधि विकास में वर्तमान रुझानों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	9.00
	अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़	उत्तर प्रदेश	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. इल्मुल अदविया 2. इल्मुल क़बालत वा-अमरेज़-निसावास 3. इल्मुल अफ्ताल 4. अमराज़-ए-जिल्द वा-ज़ोहरा विया	36.00
	क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, वाराणसी	उत्तर प्रदेश	50 निजी चिकित्सकों के लिए सीएमई	1.50
	शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल वाराणसी	उत्तर प्रदेश	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. क्रिया शरीर 1. 2. चिकित्सा अधिकारियों के लिए सीएमई	18.00
	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, झांसी	उत्तर प्रदेश	आयुष चिकित्सकों/वैज्ञानिकों के लिए आयुष पद्धति की वैज्ञानिक समझ और प्रचार-प्रसार हेतु अनुसंधान एवं विकास में वर्तमान रुझानों, आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति और प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।	9.00
	बैक्सन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, ग्रेटर नोएडा	उत्तर प्रदेश	शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 2. मटेरिया मेडिका	18.00
	उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, ऋषिकुल परिसर (हरिद्वार)	उत्तराखंड	शिक्षकों के लिए सीएमई: आरएस और बीके	9.00
	गुरुकुल कांगड़ी (मानित विश्वविद्यालय), हरिद्वार	उत्तराखंड	आयुष डॉक्टरों के लिए (**6-**दिवसीय) ओटीपी कार्यक्रम	9.00
	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, कोलकाता	पश्चिम बंगाल	गुणवत्ता नियंत्रण एवं मानकीकरण तथा हर्बल औषधियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।	9.00
कुल			**73 कार्यक्रम**	**580.11**

वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न संस्थानों को जारी की गई निधियों का विवरण				
क्रम सं.	**अनुदान प्राप्तकर्ता संस्थानों/संगठनों का नाम और पता**	**राज्य**	**प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम**	**जारी की गई निधियां (लाख रू. में)**
1.	श्री वेंकटेश्वर आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल (तिरुमला तिरुपति देवस्थानम), तिरुपति	आंध्र प्रदेश	1.(6-दिवसीय) चिकित्सा अधिकारियों के लिए सीएमई 2. (6-दिवसीय) पंचकर्म पर शिक्षकों के लिए सीएमई	18.00
2.	जेएस आयुर्वेद महाविद्यालय एवं पी डी पटेल अस्पताल, नाडियाद	गुजरात	(6-दिवसीय) रोग निदान पर शिक्षकों के लिए सीएमई कार्यक्रम	9.00
3.	राजीव गांधी सरकारी पीजी आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल, पपरोला, कंगरा,	हिमाचल प्रदेश	(6-दिवसीय) शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. पीटीएसआर 2. शाल्यतंत्र	18.00
4.	कश्मीर तिब्बिया कॉलेज, अस्पताल और अनुसंधान केंद्र	जम्मू और कश्मीर	(6-दिवसीय) यूनानी डॉक्टरों के लिए सीएमई	9.00
5.	श्री धर्मस्थल मंजुनाथेश्वर (एसडीएम) आयुर्वेद कॉलेज, उडुपी	कर्नाटक	(6-दिवसीय) शिक्षकों के लिए सीएमई: - 1. संहिता और सिद्धांत; 2. कौमारभृत्य	18.00
6.	राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान (एनआईयूएम), मगदी मेन रोड, बेंगलुरु	कर्नाटक	(6-दिवसीय) शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. इलाज-बित-तदबीर; 2. तहफुजी-वा-समाजी तिब; 3. (2-दिवसीय) यूनानी शिक्षकों के लिए वैज्ञानिक लेखन पर राष्ट्रीय सम्मेलन	23.00
7.	शासकीय आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, बेंगलुरु	कर्नाटक	शिक्षकों के लिए सीएमई 1. समिता सिद्धांत और 2. पंचकर्म	18.00
8.	(मानव चेतना और योग विज्ञान विभाग) मैंगलोर विश्वविद्यालय,	कर्नाटक	योग चिकित्सक के लिए सीएमई	06.00
9.	सुश्रुत आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, बेंगलुरु	कर्नाटक	(6-दिवसीय) पंचकर्म पर शिक्षकों के लिए सीएमई	9.00
10.	नंगेलिल आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, एर्नाकुलम	केरल	(6-दिवसीय) शल्यतंत्र पर शिक्षकों के लिए सीएमई	9.00
11.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, (सीसीआरएएस की इकाई) आमखो, ग्वालियर	मध्य प्रदेश	आयुष वैज्ञानिकों के लिए "आयुष दवाओं की सुरक्षा, मानकीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण में मौजूदा रुझान" पर 6 दिवसीय सीएमई	9.00
12.	शासकीय स्वायत्त धन्वंतरि आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, उज्जैन	मध्य प्रदेश	(6 दिवसीय) शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. पंचकर्म और 2. रचना शरीर	18.00
13.	शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, ग्वालियर	मध्य प्रदेश	(6-दिवसीय) द्रव्यगुण पर शिक्षकों के लिए सीएमई कार्यक्रम	9.00
14.	श्री आयुर्वेद महाविद्यालय, धन्वंतरि रोड, नागपुर	महाराष्ट्र	(6 दिवसीय) क्रिया शरीर पर शिक्षकों के लिए सीएमई	9.00
15.	आर.ए. पोदार आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, वर्ली मुंबई	महाराष्ट्र	(6-दिवसीय) शिक्षकों के लिए पीटीएंडएसआर पर सीएमई कार्यक्रम	9.00
16.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, (सीसीआरएएस की इकाई) पुणे	महाराष्ट्र	(6-दिवसीय) द्रव्यगुण मौलिक से उन्नत तक शिक्षकों के लिए सीएमई	9.00

17.	मोतीवाला राष्ट्रीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, नासिक	महाराष्ट्र	(6-दिवसीय) शिक्षकों के लिए सीएमई कार्यक्रम:- 1. दवा का ऑर्गनन;	9.00
18.	कैवल्यधाम, स्वामी कुवलयानंद मार्ग, लोनावला	महाराष्ट्र	योग शिक्षकों के लिए सीएमई	09.00
19.	जामिया हमदर्द (यूनानी चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान स्कूल- एसयूएमईआर)	दिल्ली	(6-दिवसीय) शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. इल्मुल-अद्विया 2. इल्मुल अतफ़ाल	18.00
20.	गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय, पुरी	ओडिशा	शिक्षकों के लिए सीएमई 1. कायाचिकित्सा और 2. शल्यतंत्र	18.00
21.	शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, तुलसी नगर, बलांगीर	ओडिशा	(6-दिवसीय) शिक्षकों के लिए सीएमई: 1.कायाचिकित्सा और 2.कौमारभृत्य	18.00
22.	यूनिवर्सिटी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद स्टडीज एंड रिसर्च (डॉ. एसआर राजस्थान आयुर्वेद यूनिवर्सिटी, जोधपुर)	राजस्थान	शिक्षकों के लिए सीएमई 1. रचना शरीर 2. आरएस और बीके	18.00
23.	राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर (राजस्थान)	राजस्थान	1.(6-दिवसीय) आयुर्वेद मैन्युस्क्रिप्टोलॉजी के क्षेत्र में काम करने वाले शिक्षकों और अनुसंधान सहायको के लिए सीएमई। शिक्षकों के लिए (6-दिवसीय) सीएमई कार्यक्रम: 2. पंचकर्म 3. द्रव्यगुण 4. (6-दिवसीय) आरएसबीके 36 (9x4) शिक्षकों/वैज्ञानिकों के लिए एएसयू दवाओं के प्रकृति और गुणवत्ता नियंत्रण में उपयोग की जाने वाली मौजूदा तकनीकों पर सीएमई	36.00
24.	निदेशालय, होम्योपैथी चिकित्सा विभाग राजस्थान, जयपुर, राजस्थान सरकार	राजस्थान	(6-दिवसीय) चिकित्सकों के लिए सीएमई कार्यक्रम	9.00
25.	स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, जयपुर (राजस्थान)	राजस्थान	होम्योपैथिक मनोरोग विज्ञान के लिए शिक्षकों के लिए सीएमई कार्यक्रम: मानसिक बीमारी के लिए एकीकृत दृष्टिकोण	09.00
26.	एवीपी रिसर्च फाउंडेशन, कोयंबटूर	तमिलनाडु	50 निजी चिकित्सकों के लिए 2-दिवसीय विषय विशेषज्ञ सीएमई	1.50
27.	कैप्टन श्रीनिवासमूर्ति सेंट्रल आयुर्वेद रिसर्च इंस्टीट्यूट, (सीसीआरएएस की इकाई) चेन्नई	तमिलनाडु	एएसयू दवाओं के औषधि विकास में शामिल वर्तमान कार्यनीतियों पर डॉक्टरों/वैज्ञानिकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई।	9.00
28.	कोकिला सिद्ध अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, मदुरै	तमिलनाडु	1. (6-दिवसीय) आयुष चिकित्सा अधिकारियों/चिकित्सकों के लिए सीएमई 2. (6-दिवसीय) विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सिद्ध बाह्य चिकित्सा में आयुष चिकित्सक हैंड्स ऑन प्रशिक्षण के लिए सीएमई	15.00
29.	विवेकानंद केंद्र नारडेप, वर्मन रिसर्च एंड रिसोर्स सेंटर, कन्याकुमारी	तमिलनाडु	राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए सीएमई - "प्राथमिक और सामान्य स्वास्थ्य देखभाल समस्याओं के लिए सिद्ध वर्मम थेरेपी संबंधी अनुप्रयोग"।	07.00

30.	गवर्नमेंट निज़ामिया तिब्बिया कॉलेज, चारमीनार, हैदराबाद	तेलंगाना	शिक्षकों के लिए सीएमई 1.अमराज़-निसवान 2.शिक्षकों के लिए सीएमई: मोआलिजात	18.00
31.	राष्ट्रीय त्वचा विकार यूनानी चिकित्सा संस्थान, हैदराबाद	तेलंगाना	आयुष चिकित्सको/वैज्ञानिकों के लिए अनुसंधान और विकास में मौजूदा ट्रेंड, आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति और प्रौद्योगिकी में वैज्ञानिक समझ और आयुष पद्धति को बढ़ावा देने के लिए 6 दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम।	09.00
32.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, (सीसीआरएएस की इकाई), झांसी,	उत्तर प्रदेश	(6-दिवसीय) एएसयू दवाओं की गुणवत्ता नियंत्रण और फॉर्मूलेशन के विकास में हाल के रुझानों पर चिकितसकों/वैज्ञानिकों के लिए सीएमई।	9.00
33.	क्षेत्रीय आयुर्वेदिक और यूनानी अधिकारी, वाराणसी	उत्तर प्रदेश	भदोही में 50 आयुष निजी चिकित्सकों के लिए 2 दिवसीय सीएमई	1.50
34.	बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) वाराणसी	उत्तर प्रदेश	वेब-आधारित परियोजना (वित्त वर्ष 2021-22 में स्वीकृत परियोजना का आंशिक भुगतान)	12.00
	कुल		**49 कार्यक्रम**	**426.00**

वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न संस्थानों को जारी की गई निधियों का विवरण				
क्र.सं.	**अनुदान प्राप्तकर्ता संस्थानों/संगठनों का नाम और पता**	**राज्य**	**प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम**	**जारी की गई निधि (लाख रू. में)**
1.	शासकीय अखंडानंद आयुर्वेद महाविद्यालय, अहमदाबाद	गुजरात	शिक्षकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई : अगद तंत्र	9.00
2.	हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएचबीटी-सीएसआईआर) पालमपुर	हिमाचल प्रदेश	अनुसंधान और विकास कार्यक्रम	9.00
3.	राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान (एनआईयूएम), मगदी मेन रोड, बेंगलुरु	कर्नाटक	शिक्षकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई: - इल्मुल कबालत वा-अमराज़े निस्वान	9.00
4.	अल्वा कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस (अल्वा एजुकेशन फाउंडेशन की इकाई), मूडुबिदिरे	कर्नाटक	प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षकों के लिए (6-दिवसीय) सीएमई कार्यक्रम	9.00
5.	केरल आयुर्वेदिक अध्ययन एवं अनुसंधान सोसायटी, कोट्टक्कल	केरल	शिक्षकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई: मानस रोग	9.00
6.	शासकीय स्वायत्त अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल, इंदौर	मध्य प्रदेश	शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई: क्रिया शरीर	09.00
7.	आर.ए. पोदार चिकित्सा महाविद्यालय (आयु.), वर्ली, मुंबई	महाराष्ट्र	द्रव्यगुण पर शिक्षकों के लिए (6-दिवसीय) सीएमई	09.00
8.	मोहम्मदिया तिब्बिया कॉलेज और असेयर अस्पताल, नासिक,	महाराष्ट्र	(6-दिवसीय) कुलियात पर शिक्षकों के लिए सीएम	09.00
9.	उत्तर पूर्वी आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान (एनईआईएएच), शिलांग	मेघालय	द्रव्यगुण पर शिक्षकों के लिए (6-दिवसीय) सीएमई	9.00

10.	मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई), अशोक रोड, नई दिल्ली	दिल्ली	1. (6-दिवसीय) शिक्षकों और चिकित्सकों के लिए सीएमई कार्यक्रम 2. (6-दिवसीय) प्रशिक्षक आदि के लिए सीएमई कार्यक्रम।	15.00
11.	अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, सरिता विहार, नई दिल्ली	दिल्ली	**1.** गोवा केंद्र में चिकित्सकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई **2.** कायचिकित्सा पर शिक्षकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई	18.00
12.	अखिल भारतीय आयुर्वेदिक कांग्रेस, पंजाबी बाग, नई दिल्ली	दिल्ली	निजी चिकित्सकों के लिए 2-दिवसीय सीएमई कार्यक्रम 1. अमृतसर (पंजाब) और 2. मुंबई में आयोजित किया जाएगा	3.00
13.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली (सीसीआरएएस की एक इकाई), नई दिल्ली	दिल्ली	गैर-संचारी रोगों के लिए आयुर्वेद दृष्टिकोण पर निजी आयुर्वेद चिकित्सकों के लिए 2-दिवसीय विशेष सीएमई	1.50
14.	केएटीएस आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल, गंजाम, ओडिशा	ओडिशा	शल्य तंत्र पर शिक्षकों के लिए (6-दिवसीय) सीएमई	9.00
15.	राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर	राजस्थान	(6- दिवसीय) शिक्षकों के लिए सीएमई: 1. कायचिकित्सा 2. कौमारभृत्य 3. संहिता और सिद्धांत 4. शल्य तंत्र 5. (6-दिवसीय) आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के लिए सीएमई	45.00
16.	तमिलनाडु डॉ. एमजीआर मेडिकल यूनिवर्सिटी, चेन्नई	तमिलनाडु	(6-दिवसीय) सिद्ध चिकित्सकों के लिए सीएमई	9.00
17.	राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान चेन्नई, तमिलनाडु	तमिलनाडु	1. नंजू मरुथुवम पर शिक्षकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई। 2. चिकित्सकों के लिए सीएमई (वर्मा मरुथुवम)	18.00
18.	कैप्टन श्रीनिवासमूर्ति केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, चेन्नई	तमिलनाडु	अनुसंधान और विकास कार्यक्रम	9.00
19.	शासकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज, अरुंबक्कम, चेन्नई	तमिलनाडु	(6-दिवसीय) शिक्षकों के लिए "इलाज-बित-तदबीर" पर सीएमई	09.00
20.	सारदा कृष्णा होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज कुलशेखरम, कन्याकुमारी	तमिलनाडु	शिक्षकों के लिए रिपर्टरी पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
21.	जेआईएमएस होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, हैदराबाद	तेलंगाना	(6-दिवसीय) शरीर रचना विज्ञान पर शिक्षकों के लिए सीएमई कार्यक्रम	9.00
22.	आयुर्वेद संकाय बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी	उत्तर प्रदेश	पीटीएसआर पर शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई	9.00
23.	अजमल खान तिब्बिया कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़	उत्तर प्रदेश	1. (6-दिवसीय) यूनानी चिकित्सा अधिकारी (इल्मुल जराहट विभाग) के लिए सीएमई। 2. (6-दिवसीय) अमराज-ए-जिल्द वा ज़ोहराविया पर शिक्षकों के लिए सीएमई	18.00
24.	एराम यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, लखनऊ	तमिलनाडु	(6-दिवसीय) चिकित्सा अधिकारियों (मोलीजात विभाग) के लिए सीएमई	9.00

25.	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल बायोलॉजी आईआईसीबी-सीएसआईआर कोलकाता,	पश्चिम बंगाल	अनुसंधान और विकास कार्यक्रम	9.00
26.	जे.बी. रॉय स्टेट आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कोलकाता	पश्चिम बंगाल	शिक्षकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई: पंचकर्म	9.00
27.	डी.एन. डे होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल कोलकाता	पश्चिम बंगाल	चिकित्सा अधिकारी (होम्योपैथी) के लिए 6 दिवसीय सीएमई	9.00
	कुल		**36 कार्यक्रम**	**298.50**

वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न संस्थानों को जारी की गई निधियों का विवरण				
क्र.सं.	**अनुदानकर्ता संस्थानों/संगठनों का नाम और पता**	**राज्य**	**प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम**	**जारी की गई निधि (लाख रू. में)**
1.	राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), जयपुर	राजस्थान	शिक्षकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई 1. क्रिया शारिर 2. शलाक्य तंत्र 3. रोग निदान 4. रचना शारिर 5. स्वस्थवृत्त 6. अगद तंत्र 7. पंचकर्म 8. द्रव्यगुण 9. पीटीएसआर 10. 10. डॉक्टरों के लिए 6-दिवसीय सीएमई (पंचकर्म विभाग) 11. आरएसबीके और स्वस्थवृत्त शिक्षकों/वैज्ञानिकों के लिए " आयुर्वेद आहार की खोज: पारंपरिक आहार प्रथाओं में वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि" पर 6 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम (आरएसएंडबीके विभाग)	99.00
2.	अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली	दिल्ली	शिक्षकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई 1. क्रिया शारिर - 2. पंचकर्म 3. रोग निदान 4. स्वस्थवृत्त और योग 5. संहिता सिद्धांत 6. आरएस एंड बीके 7. शालाक्य तंत्र 8. रचना शारिर (गोवा केंद्र) 9. अगद तंत्र (गोवा केंद्र)	81.00
3.	शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, गुवाहाटी, असम	असम	शिक्षकों के लिए कायचिकित्सा पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
4.	जी जे पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक स्टडीज एंड रिसर्च (चरुतर विद्या मंडल (सीवीएम) यूनिवर्सिटी), आनंद	गुजरात	शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई: रोगनिदान एवं विकृति विज्ञान	9.00

5.	लाल बहादुर शास्त्री महिला आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल, यमुना नगर,	हरियाणा	(शिक्षकों के लिए रचना शरीर पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
6.	आयुर्वेद अध्ययन एवं शोध संस्थान, (श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय), कुरुक्षेत्र पूर्ववर्ती श्री कृष्ण शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज कुरुक्षेत्र	हरियाणा	शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई 1. कायाचिकित्सा 2. शालक्य तंत्र	18.00
7.	शासकीय आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मैसूर	कर्नाटकम	शिक्षकों के लिए संहिता सिद्धांत पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
8.	अमृता स्कूल ऑफ आयुर्वेद केरल, कोल्लम	केरल	(6-दिवसीय) पंचकर्म पर शिक्षकों के लिए सीएमई	9.00
9.	अहलिया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, पलक्कड़ केरल	केरल	(6-दिवसीय) द्रव्यगुण पर शिक्षकों के लिए सीएमई	9.00
10.	शासकीय आयुर्वेद कॉलेज, कन्नूर, परियाराम	केरल	शिक्षकों के लिए क्रिया शरीर पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
11.	शासकीय स्वायत्त अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल, इंदौर	मध्यप्रदेश	शिक्षकों के लिए शालक्य तंत्र पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
12.	पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान, भोपाल	मध्यप्रदेश	शिक्षकों के लिए पीटीएसआर पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
13.	शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, नागपुर	महाराष्ट्र	शिक्षकों के लिए कायचिकित्सा पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
14.	डॉ. डी.वाई. पाटिल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एंड रिसर्च सेंटर, पुणे	महाराष्ट्र	द्रव्यगुण के शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम	9.00
15.	आर.ए. पोदार मेडिकल कॉलेज (आयु), मुंबई	महाराष्ट्र	शिक्षकों के लिए आरएस और बीके पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
16.	आयुर्वेद महाविद्यालय नासिक (आयुर्वेद सेवा संघ), नासिक	महाराष्ट्र	शिक्षकों के लिए अगदतंत्र पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
17.	उत्तर पूर्वी आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान (एनईआईएएच), शिलांग	मेघालय	शिक्षकों के लिए कायचिकित्सा पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
18.	चौ. ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान, खेड़ा डाबर, नई दिल्ली	दिल्ली	शिक्षकों के लिए स्वास्थ्यवृत्त पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
19.	शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, बलांगीर, ओडिशा	ओडिशा	शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई 1. संहिता सिद्धांत 2. स्वस्थवृत्त	18.00
20.	आयुर्वेद संकाय बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी	उत्तर प्रदेश	शिक्षकों के लिए शल्य तंत्र पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
21.	पंचकर्म के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, त्रिशूर (सीसीआरएएस की इकाई)	केरल	चिकित्सा अधिकारी के लिए 6-दिवसीय सीएमई: केरल आयुर्वेद उपचार प्रक्रियाओं और मर्मचिकित्सा	9.00
22.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर (सीसीआरएएस की इकाई)	ओडिशा	आयुष डॉक्टरों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं के लिए बायोएथिक्स और जीसीपी पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	9.00
23.	कैप्टन श्रीनिवास मूर्ति केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीसीआरएएस की इकाई), चेन्नई	तमिलनाडु	आयुष डॉक्टरों/वैज्ञानिकों और शिक्षकों के लिए आयुष अनुसंधान और दवा विकास में वैज्ञानिक उन्नति के लिए 6-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	9.00

24.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीसीआरएएस की इकाई), झांसी	उत्तर प्रदेश	आयुष शिक्षकों/वैज्ञानिकों/चिकित्सा अधिकारियों के लिए उत्कृष्टता सशक्तिकरण पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम: एएसयू फार्मास्युटिकल औषधि विकास में क्यूए/क्यूसी की भूमिका।	9.00
25.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, (सीसीआरएएस की इकाई) कोलकाता	पश्चिम बंगाल	एनसीआईएसएम पाठ्यक्रम के अनुसार नेटवर्क फार्माकोलॉजी पर आयुष वैज्ञानिकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई कार्यक्रम	9.00
26.	उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय ऋषिकुल परिसर	उत्तराखंड	चिकित्सा अधिकारियों के लिए 6-दिवसीय सीएमई	9.00
27.	रघुनाथ आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल, पुरबा	पश्चिम बंगाल	कायाचिकित्सा पर शिक्षकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई	9.00
28.	कैवल्यधाम श्रीमन माधव योग मंदिर (एस.एम.वाई.एम) समिति, लोनावला	महाराष्ट्र	1. (6 दिवसीय) योग शिक्षकों के लिए सीएमई 2. (6-दिवसीय) आयुष/एलोपैथी चिकित्सकों के लिए अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम (ओटीपी)	18.00
29.	योग विद्या गुरुकुल, नासिक	महाराष्ट्र	योग प्रशिक्षकों/चिकित्सकों के लिए 6-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	6.00
30.	क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, श्रीनगर	जम्मू और कश्मीर	शिक्षकों के लिए ईलाज बित तदबीर पर 6 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम	9.00
31.	एचएसजेडएच शासकीय ऑटो यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, भोपाल	मध्य प्रदेश	अमरेज निसवान वा इल्मुल कबलात पर शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई	9.00
32.	सैफिया हमीदिया यूनानी तिब्बिया कॉलेज, बुरहानपुर	मध्यप्रदेश	तहाफुजी-वा-समाजी तिब्ब पर शिक्षकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई	9.00
33.	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान यूनानी चिकित्सा, चेन्नई	तमिलनाडु	1. (6-दिवसीय) मस्कुलोस्केलेटल विकारों पर यूनानी चिकित्सकों के लिए सीएमई। 2. (6-दिवसीय) इलाज बित तदबीर पर चिकित्सकों के लिए सीएमई	15.00
34.	राष्ट्रीय त्वचा विकार यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद	तेलंगाना	(6 दिवसीय) आयुष चिकित्सा अधिकारियों के लिए सीएमई कार्यक्रम	9.00
35.	राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान चेन्नई	तमिलनाडु	शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम: 1. सिद्ध योग मारुथुवम-26 में शिक्षकों के लिए सीएमई 2. शिक्षकों के लिए सीएमई गुणपदम "हर्बोमिनरल और हर्बोमेटेलिक सिद्ध दवाओं का मानकीकरण" -30 3. डॉक्टरों के लिए 6-दिवसीय सीएमई (कुजंथाई मारुथुवम)-30	27.00
36.	भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान (आईआईआईएम-सीएसआईआर) जम्मू		आयुष चिकित्सकों/वैज्ञानिकों के लिए आयुष पद्धति की वैज्ञानिक समझ और प्रचार के लिए अनुसंधान एवं विकास में मौजूदा रूझान, आधुनिक वैज्ञानिक उन्नति और प्रौद्योगिकी पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (पारंपरिक दवाओं को तैयार करने और उनके प्रमाणन में आधुनिक पहलू)	9.00

37.	भारतीय प्रबंधन संस्थान कोझिकोड	केरल	आयुष प्रशासकों/विभागों/संस्थानों के प्रमुखों के लिए प्रबंधन में 3-दिवसीय प्रशिक्षण	10.00
38.	सेलुलर एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र सीसीएमबी- सीएसआईआर, हैदराबाद	तेलंगाना	आयुष चिकित्सकों/वैज्ञानिकों के लिए अनुसंधान और विकास में मौजूदा रूझान, आधुनिक वैज्ञानिक उन्नति और वैज्ञानिक समझ और आयुष पद्धति को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्यगिकी पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (डीएनए-अधारित बार कोड विश्लेषण का उपयोग करके औषधिय और हर्बल पौधों की पहचान)	9.00
39.	अरिहंत होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, गांधीनगर	गुजरात	शिक्षकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई कार्यक्रम (होम्योपैथिक फार्मेसी)	9.00
40.	श्री शामलाजी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज गोधरा	गुजरात	शिक्षकों के लिए केस टेकिंग और रेपर्टरी पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
41.	अहमदाबाद होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद	गुजरात	शिक्षकों के लिए फिजियोलॉजी मॉड्यूल 1 पर 6-दिवसीय सीएमई	9.00
42.	सोलन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, सोलन	हिमाचल प्रदेश	शिक्षकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई (प्रसूति एवं स्त्री रोग मॉड्यूल-III)	9.00
43.	डॉ. एमपीके होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर सोसाइटी, (होम्योपैथी यूनिवर्सिटी) जयपुर	राजस्थान	शिक्षकों के लिए 6-दिवसीय सीएमई (चिकित्सा का आर्गेनॉन)	9.00
44.	एमएनआर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, हैदराबाद	तेलंगाना	अनुसंधान पद्धति और बायोस्टैटिस्टिक्स पर शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई	9.00
45.	द कलकत्ता होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, कोलकाता	पश्चिम बंगाल	शिक्षकों के लिए 6 दिन का सीएमई: 1. होम्योपैथिक फार्मेसी- मॉड्यूल-I 2. होम्योपैथिक फार्मेसी- मॉड्यूल-III	18.00
46	राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा संस्थान, लेह	लेह और लद्दाख	2 (6-दिवसीय) सीएमई कार्यक्रम 1. सोवा-रिग्पा के शिक्षकों हेतु 2. सोवा-रिग्पा के चिकित्सकों हेतु	9.00
	कुल		72	643.00

(ख) आयुष में अनुसंधान और नवाचार:

<u>आयुष में अनुसंधान और नवाचार के तहत वर्ष</u> 2022-23 <u>के दौरान जारी की गई निधियां</u>

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**संस्थान का नाम**	**परियोजना का शीर्षक**	**जारी की गई निधि (रू. में)**
1.	दिल्ली	इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी	चिकनगुनिया वायरस संक्रमण पर विभिन्न दवाओं की चिकित्सीय क्षमता का इन विट्रो और इन विवो मूल्यांकन।	485700
2.	दिल्ली	अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	मानक देखभाल के साथ अतिरिक्त उपचार के रूप में योग आधारित पुनर्वास से दीर्घावधि कोविड के लक्षणों का प्रबंधन: एक रैंडमाइज्ड नियंत्रित परीक्षण।	991872
3.	दिल्ली	अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान,	निकोटिन निर्भरता के रैट मॉडल में डेल्फिनियम डेनुडेटम (जदवार) की भूमिका।	583204

4.	दिल्ली	इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी	निलावेम्बुकुडीनीर और वाथसुरकुडीनीर के अर्क की तुलनात्मक और संयुक्त प्रभावकारिता मूल्यांकन।	2058198
5.	दिल्ली	अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	अल्सरेटिव कोलाइटिस के रोगियों में जीवन की गुणवत्ता और नैदानिक परिणामों पर संरचित योग अभ्यासों का प्रभाव।	2164263
